हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 14.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

10 अमृत सरोवरों का काम पूरा करवाएं अधिकारी




10 एसडीएम को सौंपा मांगपत्र



## खबर संक्षेप

### किसान की ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे दबने से मौत

**जींद।** गांव किनाना के निकट शुगर मिल में गन्ना बेचकर आ रहे किसान की ट्रैक्टर के नीचे आने से मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। गांव शामलो कलां निवासी कुलदीप सिंह (37) शुगर मिल में गन्ना बेच कर रात को अपने घर की तरफ वापस जा रहा था।

### 430 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित तस्कर काबू

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल द्वारा ने एक नशा तस्कर को 430 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल के एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम सांयकालीन गश्त दौरान खुराना रोड के पास थी। जहां सहयोगी सुत्रो से सूचाना मिली कि सुभाष नगर निवासी सुरेंद्र खुराना रोड़ डीएवी कालोनी के आस पास घूमकर गांजा फुल पत्ती बेचने का धंधा करता है।

### 455 ग्राम चरस के साथ एक चढ़ा सीआईए के हत्थे

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने हिसार बाईपास पुल के निकट व्यक्ति को काबू कर कब्जे से 455 ग्राम चरस बरामद की है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव सुदकैन कला निवासी सुरेश नशीले पदार्थों का कार्य करता है।

### व्यक्ति लापता, अपहरण के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** अर्जुन नगर से अज्ञात आरोपियों ने एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया। पुलिस ने व्यक्ति के बेटे की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अर्जुन नगर के हन्नी सिंह ने शहर थाना में शिकायत दी कि सात जनवरी को उसके पिता दिलबाग सिंह कहीं बाहर जाने के लिए कह कहकर घर से गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे।

### नेशनल डोजबॉल प्रतियोगिता में जीते पदक

**उचाना।** गोहाना में आयोजित नेशनल डोजबॉल प्रतियोगिता में बाबा प्रेमनाथ खेल अकेदमी के दो खिलाड़ियों ने सिल्वर, ब्रांच मेडल जीते। जयभगवान ने बताया कि 5 से 7 जनवरी तक गोहाना के मदन लाल डींगर खेल स्टेडियम में नेशनल डोजबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई। टीम हरियाणा में 13 खिलाड़ियों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

### शादी का झांसा दे दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** नाबालिगा को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले के मामले की जांच थाना शहर पुलिस की लेडी एसआई धनपति द्वारा करते हुए आरोपी गांव बाता निवासी प्रवीन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैथल की कालोनी निवासी महिला की शिकायत अनुसार आरोपी प्रवीन उपरोक्त ने उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ शादी का झांसा दे दुष्कर्म किया है।

### दो महिलाएं और बच्ची लापता, शिकायत दर्ज

**कैथल।** जिले में अलग-अलग जगहों से दो विवाहित महिलाएं और एक बच्ची लापता हो गई। पहले मामले में चीका के एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि सात जनवरी को उसकी 35 वर्षीय पत्नी बिना बताए घर से चली गई। साथ में वह उनकी 10 साल की बेटी को भी ले गई।

### फिरोजपुर पंचायत के छह सदस्य निलंबित

**सीवन।** उपायुक्त प्रशांत पंवार के आदेशानुसार फिरोजपुर के 6 पंचायत सदस्यों को निलंबित कर दिया है। रघुवीर सिंह वार्ड नम्बर 5, रमेश वार्ड नम्बर 4, मोनिका वार्ड नम्बर 6, सुमन देवी वार्ड नम्बर 8, हरप्रीत कौर वार्ड नम्बर 7 व उदय सिंह वार्ड नम्बर 3 को बैठकों में भाग न लेने पर निलंबित किया।

# अब सरकारी नही तो प्राइवेट एंबुलेंस पहुंचेगी मौके पर, जल्द ही होगा करार

## स्वास्थ्य विभाग ने हादसों या गंभीर स्थिति में मृत्यु दर कम करने के लिए बनाई योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अब अगर कोई सड़क हादसा होता है या फिर किसी गर्भवती महिला को डिलीवरी के लिए अस्पताल से लेकर आना है, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग अपनी सरकारी एंबुलेंस का इंतजार नही करेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राइवेट एंबुलेंस संचालकों से करार किया जाएगा। जिसमें किराया निर्धारित होगा। ऐसे में कोई कॉल आती है तो तुरंत प्रभाव से संबंधित एंबुलेंस चालक को कॉल कर मरीज या प्रसुता को उपचार के लिए अस्पताल लाने के लिए कहा जाएगा। इस योजना के पीछे स्वास्थ्य विभाग की मंशा है कि एंबुलेंस समय से न पहुंचने के चलते किसी की भी जान न जाए।


जींद। नागरिक अस्पताल में खड़ी एंबुलेंस। फोटो :हरिभूमि

डीजी ने सीएमओ से वीसी कर की योजना पर चर्चा : स्वास्थ्य विभाग के डीजी डा. रणदीप सिंह पूनिया ने योजना को लेकर प्रदेशभर के सीएमओ से वीडियो कान्फ्रेंस पर विचार विमर्श किया और इस योजना को सिरे चढ़ाने के लिए उनके सुझाव मांगे हैं। सड़क हादसों में घायलों और अन्य इमरजेंसी के दौरान एंबुलेंस तुरंत प्रभाव से हर किसी के लिए उपलब्ध हो, इसके लिए प्राइवेट एंबुलेंस संचालकों से सहयोग लिया जाए।

अस्पताल में बनाए गए कंट्रोल रूम (रेफरल सेवा 102) के पास निजी एंबुलेंस चालकों का नंबर होगा। जिस पर उनको कंट्रोल रूम से कॉल कर हादसे की लोकेशन भेजी जाएगी। लोकेशन मिलते ही नजदीकी एंबुलेंस उनके पास पहुंचेगी।

### तय किराया दिया जाएगा

एंबुलेंस संचालक को सरकार द्वारा तय किए गए रेट का किराया दिया जाएगा। योजना में शामिल होने के लिए एंबुलेंस संचालकों को अपनी रजामंदी स्वास्थ्य विभाग को देनी होगी। एंबुलेंस में जीपीएस होना अनिवार्य होगा और यह जीपीएस 24 घंटे ऑन रखना होगा।

### योजना को सिरे चढ़ाने के लिए मंथन शुरू

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि जींद स्वास्थ्य विभाग के पास जिला में अपनी 31 एंबुलेंस हैं। कई बार हादसों स्थल से सरकारी एंबुलेंस दूर होती है। जिसके लिए इंतजार करना पड़ सकता है। ऐसे में आपातकाल सेवा पहुंचने में समय लग जाता है और इस दौरान मरीज की जान पर भी बन आती है। निजी एंबुलेंस संचालकों से करार कर नजदीकी लोकेशन पर खड़ी एंबुलेंस को मौके पर रवाना किया जाएगा। विभाग का मानना है कि ऐसा होने पर सड़क हादसों व दूसरे आपातकाल में नजदीकी एंबुलेंस को तुरंत भेजना आसान होगा। इससे घायलों को समय पर प्राथमिक इलाज मिलेगा और मृत्युदर भी कम होगी।

## दिनभर आकाश में छाए रहे बादल, आसार भी बने, बूंदाबांदी नहीं

# धुंध व कोहरे से राहत, ठंडी हवा से छूटती रही कंपकंपी

## मौसम रहेगा शुष्क तथा परिवर्तनशील, ठंड से राहत के नही कोई आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिम की ओर से चली तेज तथा ठंडी पछुआ हवा से दिनभर कंपकपी छुटती रही। आकाश में बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी के आसार भी बने रहे। दिनभर सूर्य भी बादलों में छुपा रहा। शीतलहर का असर जनजीवन पर साफ देखने को मिला। हालांकि बादलों के छाने तथा हवा की गति तेज होने से धुंध तथा कोहरे से जरूर राहत मिली। ठंड के कारण लोग देरी से घरों से बाहर निकले और जल्दी कामकाज निपटा कर वापस घरों में दुबक गए। मंगलवार को अधिकतम तापमान 11 डिग्री तथा न्यूनतम छह डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 77 प्रतिशत तथा हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आगे मौसम शुष्क तथा परिवर्तनशील रहने की संभावना है पिछले एक पखवाडे.से कडाके की ठंड पड़ रही है। धुंध तथा कोहरे का भी जबरदस्त प्रकोप बना रहा है। पिछले दस दिनों से सूर्य भी बहुत कम दिखाई दे रहा है। आकाश में बादलवाई भी लगातार बनी हुई है।


जींद। खेत में खिली फसल। फोटो :हरिभूमि

### मौसम परिवर्तनशील

पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि आगे मौसम के शुष्क तथा परिवर्तनशील बने रहने की संभावना है। बूंदाबांदी के आसार भी बने थे लेकिन बूंदाबांदी नही हुई। मौसम सफेद रतुआ के अनुकूल बना हुआ है। किसान कृषि विशेषज्ञों से संपर्क कर उपचार करें।

मंगलवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों तथा ठंड के साथ हुआ। धुंध तथा कोहरा लगभग साफ रहा। दिन चढ़ने के साथ हवा की गति बढ़ गई और 11 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा पहुंची। सूर्य भी दिखाई नहीं दिए। सुबह के समय बादल गहरे थे लेकिन हवा चलने के कारण हलके हो गए। पछुआ हवा से दिनभर कंपकपी छुटती रही। सर्दी के मौसम में अबतक सूखी ठंड पड़ रही है। हालांकि धुंध तथा कोहरे ने जरूर राहत दी लेकिन धूप न निकलने के कारण फसलों पर विपरित प्रभाव पड रहा। सब्जियों को नुकसान हो रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते आसार भी बने लेकिन बारिश नहीं हुई। किसानों को टकटकी लगा कर आकाश की तरफ देखते रह गए। किसानों का कहना है कि अगर बारिश हो जाती तो फसलों को फायदा पहुंचता। फसलों को अच्छी ग्रोथ मिलती ओर फुटाव भी होता।



### कैथलः शीत लहर ने बढ़ाई लोगों की मुसीबतें

गुहला-चीका। पिछले एक पखवाड़े से लगातार पड़ रही सर्दी कम होने का नाम नहीं ले रही है। लोगों को सूर्य देव के दर्शन हुए काफी दिन हो गए हैं। आज भी यहां दिनभर बादल छाए रहे और इसी बीच चली शीत लहर ने लोगों की मुसीबतों को बढ़ा दिया है। ठंड का असर अब आम आदमी के साथ साथ फल, सब्जियों व वनस्पति पर भी पड़ रहा है। बाजार सूने सूने दिखाई दे रहे हैं। सड़कों पर यातायात ना के बराबर है। सर्दी के इस सीजन में सुखद बात यह है कि गरीब लोगों को ठंड से बचाने के लिए शहर की कई समाजसेवी संस्थाएं काम कर रही हैं और जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े व सूखा राशन बांटा जा रहा है, जिस कारण ऐसे लोगों को ठिठुरती सर्दी के चलते भी काफी राहत महसूस हो रही है। बेसहारा पशु, पक्षी व अन्य जानवरों को भी ठंड से बचने के लिए भारी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।


कैथल। नपा कार्यालय में नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

# लंबित मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन, नारेबाजी

- आयुक्त ने मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी ने लोकल बोडी द्वारा जारी किये गए परिपत्रों को लागू करने व पालिका आयुक्त के साथ पूर्व हुई मीटिंग में मानी गई मांगो को लेकर पालिका आयुक्त कार्यालय पर गेट मीटिंग करके धरना-प्रदर्शन किया और उसके बाद सभी मांगो पर विस्तार से पालिका आयुक्त के साथ बातचीत हुई और उन्होंने 2 दिनों में डोर टू डोर के कर्मचारियों की समस्याओं ओर पे रोल के कर्मचारियों समेत कार्यालय स्तर सभी मांगो को पूरा करने का ठोस आश्वासन दिया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान गौरव टांक ने की व संचालन जिला सचिव विक्की टांक ने किया। धरना-प्रदर्शन मे सैकंड़ों की सख्या में पालिका कर्मचारियो ने भाग लिया। गौरव टांक व विक्की टांक ने कहा यदि 2 दिनों में डोर टू डोर के कर्मचारियों की सभी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वो हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पालिका प्रशासन की होगी।

### दो दिन में मांगों को लागू करने का दिया आश्वासन

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण, जिला सचिव रामपाल शर्मा, नपा कर्मचारी संघ के जिला प्रधान गौरव टांक, जिला सचिव विक्की टॉक ने कहा की संगठन द्वारा 29 अक्टूबर 2022 में 11 दिनों तक की गई सफल हड़ताल के दवाब मे शहरी स्थानीय निकाय विभाग की तरफ से 3-4 लैटर जारी किए थे, जिनको लागू करने की मांग को लेकर जिला कमेटी ने पहले 21 फरवरी 2023 और उसके बाद 19 अपैल 2023 को ज्ञापन दिया था। उसके बाद 7 जून ओर 5 नवम्बर 2023 को संगठन की डीएमसी महोदय से बातचीत हुई। हर बार डीएमसी ने एक सप्ताह में सभी परिपत्रों को लागू करने का वादा किया था, लेकिन बार-बार की वादाखिलाफी के कारण जिले के सभी ब्लॉकों के सफाई कर्मचारियो मे गहरा रोष है जिससे कर्मचारियों को बार-बार प्रदर्शन करना पढ़ रहा है। अयुक्त ने मांगो को लागू करने का आश्वासन दिया।

# क्रेडिट कार्ड से लोन दिलाने के नाम पर 3.36 लाख रुपये की धोखाधड़ी

- शिकायतकर्ता के ब्यान पर पुलिस ने मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस ने क्रेडिट कार्ड से लोन दिलवाने के नाम पर दो आरोपियों ने एक युवक से तीन लाख 36 हजार 378 रुपये ठगने का मामला दर्ज किया है। गांव सौथा के नरेश कुमार ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि गांव तितरम निवासी जीतू ने फोन के माध्यम से कहा कि वह सरकारी लोन का काम करता है। लोन में एससी, बीसी को सब्सिडी भी अधिक मिलती है। आप मेरे पास अपना फोन लेकर आ जाना। उक्त आरोपी ने उसका फोन ले लिया और उसमें कुछ चलाया। बाद में कहा कि आपका लोन पांच लाख 65 हजार रुपये तक का हो जाएगा। खाते में पहले तीन लाख 25 हजार रुपये आ जाएंगे और बकाया राशि एक सप्ताह के बाद आएगी। इसके लिए उसे 35 हजार रुपये खाते में दिखाने होंगे। उसे केवल दो लाख 65 हजार रुपये लोन राशि भरनी है। जब उसने मौके पर रुपये नहीं होने की बात कही तो आरोपी ने 35 हजार रुपये का प्रबंध करने का आश्वासन देकर उसे ढांड रोड पर उमेश अरोड़ा नामक व्यक्ति से मिलने के लिए कहा। चार नवंबर 2023 को वह उमेश अरोड़ा के पास गया और कहा कि उसे जीतू ने भेजा है। वहीं पर जीतू आ गया। उमेश अरोड़ा व जीतू ने मिलीभगत करके सैमसंग केयर सेंटर से एक फोन उठाया जिसकी राशि 33500 रुपये है। आरोपियों ने उसे फोन देकर फोन सहित उसकी फोटो ले ली। उसको बिना बताए ही कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। आरोपियों ने कहा कि आपके खाते में एक घंटे के अंदर 35 हजार रुपये आ जाएंगे।

### निजी बस चालक बाइक को टक्कर मारकर फरार

**सफीदों।** उपमंडल के गांव सिल्लाखेड़ी के पास एक प्राईवेट बस चालक ने बाईक सवार को टक्कर दे मारी। इस टक्कर में बाईक सवार युवक घायल हो गया। इस घटना में उसकी बाईक, मोबाइल व लैपटाप क्षतिग्रस्त हो गया। बस चालक घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। पीछे आ रहे अन्य वाहन चालकों ने बस का पीछा किया और उसे सफीदों के खानसर चौंक पर आकर पकड़ा। आसपास के राहगीर घायल सुमित कुमार निवासी बिटानी को उठाकर सफीदों लेकर आए। मामले की सूचना सफीदों पुलिस को दी गई। मिली जानकारी के अनुसार गांव बिटानी का सुमित बाईक पर सवार होकर सफीदों आ रहा था कि रास्ते में सिल्लाखेड़ी के पास प्राईवेट बस चालक ने उसकी बाईक को पीछे से टक्कर दे मारी। टक्कर में सुमित बाईक सहित गिर गया। इस घटना में सुमित बुरी तरह से घायल हो गया।

# आग लगने से लाखों का नुकसान

- 80 हजार रुपये की नगदी और एक मोटरसाइकिल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के खेड़ा बख्ता में एक मकान में आग लगने से घर में रखा सामान जल कर राख हो गया। आग लगने से घर में खड़ी मोटरसाइकिल और अलमारी में रखी 80 हजार रूपये की नगदी जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना पाकर फायर बिग्रेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। मंगलवार को बख्ताखेड़ा गांव निवासी सोमबीर के घर में आग लग गई। सोमबीर ने बताया कि वह रोहतक में ऑटो चलाकर अपने परिवार का पेट पालता है। मंगलवार को सुबह लगभग छह बजे अज्ञात कारणों से उसके घर में आग लग गई। गनीमत रही कि घर के सभी सदस्य बाहर थे नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग लगने से उसके घर में उठता हुआ धुंआ देखकर आस पास के लोग एकत्रित हो गए और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नही पाया जा सका तो इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी। सूचना पाकर कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर में खड़ी मोटरसाइकिल, अलमारी, फ्रीज, घर में रखे गहने और अलमारी में रखी 80 हजार रुपये की नगदी जलकर राख हो चुकी थी। परिजनों की मांग है कि प्रशासन और सरकार द्वारा उनकी आर्थिक मदद की जाए ताकि उनका गुजर बसर हो सके।


जुलाना। खेड़ा बख्ता गांव में आग लगने से जला घर का सामान।

## दिल्ली पुलिस में इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत चहल की सड़क हादसे में मौत

# इंस्पेक्टर रणधीर चहल पंच तत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

दिल्ली पुलिस में इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत नरवाना के फरैण कलां के बेटे रणधीर चहल का सोमवार को देर रात नेशनल हाइवे 44 पर प्याऊ मनियारी के पास हुए सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। वहीं दिल्ली पुलिस की एक टुकडी द्वारा मृतक इंस्पेक्टर रणधीर चहल के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव फरैण कलां में लाया गया। जहां पर रणधीर का पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अतिम संस्कार किया गया। इस दौरान दिल्ली पुलिस के डीसीपी राजीव कुमार व एसीपी प्रवीण कुमार ने इस्पेक्टर रणधीर चहल के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि रणधीर चहल वर्ष 2008 में दिल्ली पुलिस में बतौर सब इंस्पेक्टर के पद पर भर्ती हुए थे ओर वर्तमान में रणधीर चहल दिल्ली के आदर्श नगर थाना में बतौर इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत थे। जो अपने प्रशासनिक कार्य से किसी मामले की तफ्तीश के लिए दिल्ली से सोनीपत जा रहे थे। इसी बीच प्याऊ मनियारी के पास एक ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लागाए तो पीछे से आ रही कार ट्रक में जा टकराई। जिससे इस्पेक्टर रणधीर चहल व उनके साथी इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल की मौत हो गई।


नरवाना। पंचतत्व में विलीन इस्पेंक्टर रणधीर चहल। फोटो :हरिभूमि

### जी-20 सम्मेलन में अहम भुमिका निभाई

इंस्पेक्टर रणधीर चहल के पिता को सांत्वना देते हुए डीसीपी राजीव कुमार ने कहा कि रणधीर चहल ने गत वर्ष हुए जी-20 सम्मेलन में भी अपनी अहम भुमिका निभाई थी। दिल्ली पुलिस ने एक बहादुर इंस्पेक्टर को खोया है। जिसकी क्षतिपूर्ति कभी पुरी नहीं हो सकती है। दिल्ली पुलिस इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ है। अपने पीछे छोड़ गए परिवार के पालन-पोषण के लिए दिल्ली पुलिस हर सभंव सहायता के लिए परिवार के साथ है।


राजौंद। कैथल असंध मार्ग पर मूंगफली, रेवड़ी की सजी दुकान।

### लोहड़ी के पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

**राजौंद।** लोहड़ी का पर्व नजदीक आ रहा है। उसके बावजूद भी वर्षों पहले मनाई जाने वाली लोहड़ी की रौनक व लोगों में उत्साह नजर नही आ रहा। वर्षों पहले छोटे छोटे बच्चे टोलियां बनाकर लोहड़ी से कई-कई दिन पहले ही घर घर जाकर लोहड़ी मांगते थे, परंतु आधुनिकता की दौड़ के चलते यह सब एक गुजरे जमाने की बातें बनकर रह गई है। लोहड़ी को लेकर महिलाओं व लड़कियों में जो उत्साह पहले था वह भी लगभग समाप्त हो चुका है। जिस घर में लड़के का जन्म होता था उस घर में लोहड़ी की धूम काफी दिन पहले ही नजर आने लगती थी। लोहड़ी वाले दिन लड़के व लड़कियां टोलियां बनाकर उस घर के आंगन में लोहड़ी मांगने जाते थे। लोहड़ी के दिन मक्की के भूने हुए दाने व गुड़ एक शगुन के रूप में लोहड़ी मांगने वालों की झोली में डाले जाते थे। नगर के बीच स्थित दाने भूनने वाली भटिठयों पर कई कई दिन दाने भूनाने वाले लोगों को तांता लगा रहता था।

## खबर संक्षेप

### गुलाब ढुल बने ब्रांच चेयरमैन

**जींद।** ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन कर्मचारी महासंघ शाखा बीएंडआर का त्रिवार्षिक चुनाव यूनियन कार्यालय में प्रांतीय महासचिव नरेंद्र धीमान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें सहचुनाव पर्यवेक्षक के रूप में प्रांतीय सचिव कश्मीरी शर्मा उपस्थित हुए हैं। जिसमें सर्वसम्मति से ब्रांच चैयरमेन गुलाब ढूल, ब्रांच प्रधान पवन रजाना, ब्रांच सचिव हीरामल नरवाल बने।

### नगूरां को दिया सांसद निधि से पानी का टैंकर

**उचाना।** राजीव गांधी महाविद्यालय में हिसार लोकसभा से भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा सांसद निधि से नगूरां गांव के सरपंच कुलदीप को गांव के लिए पानी का टैंकर दिया। इससे पहले हलके की 28 पंचायतों को पानी के कैंटर सांसद निधि से दिए जा चुके है। एक टैंकर की कीमत एक लाख 57 हजार के आस-पास की राशि खर्च होती है। सांसद ने कहा कि टैंकर की मांग ग्रामीणों द्वारा की जाती रही है।

### एमपीएचडब्लू कैडर की मांगे होंगी जल्द पूरी

**जींद।** एमपीएचडब्लू वर्ग की लंबित मांगों को लेकर एसो.का राज्य प्रतिनिधिमंडल रा'य प्रधान ओमपति कादियान व रानी गहलावत की अध्यक्षता में डीजी हेल्थ डा. रणदीप पूनिया से मिला। बैठक में एमपीएचडब्ल्यू वर्ग की सभी मांगों पर विस्तार से चर्चा की और मांगों के समाधान का ठोस आश्वासन दिया व जल्द ही स्वास्थ्य मंत्री से अनुमोदित करवा कर अधिसूचना का भरोसा दिलवाया।

### अनुराग को दिया मकर संक्रांति पर्व का निमंत्रण

**उचाना।** आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व पर जय बाबा मनसा नाथ गोशाला छातर में कार्यक्रम आयोजित होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर आम आदमी पार्टी के हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा होंगे। कार्यक्रम को लेकर आप हिसार लोकसभा सचिव राजरूप मोर, वीरेंद्र प्रधान की अगुवाई अनुराग ढांडा को निमंत्रण दिया गया।

### जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी बांटी

**जींद।** युवा विकास समिति द्वारा जरूरतमंद बच्चों को कॉपियां बांटी गई। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि समिति के द्वारा बच्चों को कॉपियां बांटी गई और जो बच्चे पढ़ने में अच्छे थे, उनको माला पहना कर हौंसलाअफजाही की गई। महिपाल कौशिक, विनोद शर्मा ने कहा कि समिति लगातार इस प्रकार के कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेग। समिति बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा मदद करती रहेगी।

### सभी गांवों में फ्री सिलाई सेंटर खोले जाएंगेः रीटा

**जींद।** ड्रीम अलाइव वूमेन एंड चाइल्ड फाउंडेशन द्वारा कंडेला गांव फ्री सिलाई कटाई प्रशिक्षण केंद्र का डिप्लोमा वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने शिरकत की। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुभाष ढिगाना, सुरेंद्र धवन, गांव के सरपंच अनूप रेढू और गीता शर्मा शामिल हुई। रीटा धीमान ने बताया कि जिले के सभी गांव में निशुल्क सिलाई सेंटर खोले जाएंगे।

### गोल्डन ऐरो अवार्ड के लिए पांच कब का चयन

जींद। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल प्राइमरी विंग के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर कब बुलबुल की गतिविधियों में भाग लिया था। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के फलस्वरूप स्कूल के पांच कब का चयन हुआ। चयनित सभी कब को नेशनल चीफ कमिश्नर की ओर से नेशनल गोल्डन ऐरो अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

### हर मांग को पूरा करेंगे डिप्टी सीएम : प्रो. सिहाग

**उचाना।** हलके के बिघाना गांव में पांचाल समाज द्वारा डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा पांचाल समाज द्वारा की मांगों को मानने पर डिप्टी सीएम के निजी सचिव प्रो. जगदीश सिहाग का जोरदार स्वागत किया। यहां पर फूला मालाओं, पुष्प वर्षा कर प्रो. सिहाग का पांचाल समाज ने स्वागत किया। जजपा बीसी सेल हलकाध्यक्ष गंगादत्त पांचाल ने इसकी अध्यक्षता की।

---

असिस्टेंट प्रोफेसर के रिक्त पदों पर स्थाई भर्ती से कॉन्ट्रैक्ट अध्यापक बेरोजगार

# मांगों को लेकर विधायक-भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा मांगपत्र

**रोजगार सुरक्षित करवाने की पॉलिसी बनाने के लिए पत्राचार किया जा रहा**



**जींद।** विधायक को ज्ञापन सौंपते हुकटा प्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के रिक्त पदों पर स्थाई भर्ती करने से लंबे वर्षों से रिक्त पदों के विरुद्ध वर्कलोड पर काम कर रहे हजारों अनुबंध असिस्टेंट प्रोफेसरों पर छंटनी की तलवार लटक गई है। हरियाणा के सभी विश्वविद्यालयों के अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के प्रदेश स्तरीय संगठन हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्टचुअल टीचर्स संघ हरियाणा (हुकटा) का प्रतिनिधिमंडल लंबे समय से सभी पार्टियों के सांसदों, विधायकों व अन्य मंत्रीमंडल के नेताओं को रोजगार सुरक्षित करवाने की पॉलिसी बनाने के लिए पत्राचार और मिल कर रोजगार सुरक्षित करने की मांग कर संघर्ष कर रहा है। इसी क्रम में जींद विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा एवं बीजेपी जिलाध्यक्ष राजू मोर से मिले और मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। हुकट अध्यक्ष विजय कुमार मलिक ने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री ने अपने बयान में कहा है कि हरियाणा के सरकारी विद्यालयों के अतिथि अध्यापकों की तरह पॉलिसी या विशेष कैडर बना कर हम सबका रोजगार सुरक्षित करने के लिए काम कर रहे हैं। साथ में संघ ने भी अपील की कि भर्ती करते समय अस्थाई रूप से कार्यरत 1013 असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदों को भरा हुआ मान कर या छोड़कर शेष क्लीयर कट वैकेंसी पर भर्ती की जाए ताकि सबका रोजगार सुरक्षित हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 15 सरकारी विश्वविद्यालयों में एक हजार से अधिक अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसर कई वर्षों से वर्कलोड पर कार्यरत हैं। सभी की नियुक्ति यूजीसी के मापदंडों जैसे यूजीसी नेट, पीएचडी की योग्यता पूर्ण कर नियमानुसार की गई है। सभी प्रारंभिक वेतनमान पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनमें से अधिकतर सेवारत शिक्षक नियमित सेवा में आने की अधिकतम आयु सीमा को भी पार कर चुके हैं या उसके आसपास पहुंच चुके है। नई भर्ती की पोस्टों पर कैटेगरी व अन्य कारणों के कारण पहले से कार्यरत अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसर अपने विभाग, कॉलेज में आवेदन ही नहीं कर सकेंगे और ग्रॉस सैलरी न मिलने के कारण अनुभव का लाभ भी नहीं ले सकेंगे। जिसके कारण हर समय बेरोजगारी की तलवार उन सबके सिर पर लटकती रहती है।



**जींद।** भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर को ज्ञापन सौंपते हुकटा प्रतिनिधि।

---

# विकसित भारत संकल्प यात्रा ने उचाना में किया प्रवेश



**जींद।** योजनाओं का लाभ देते हुए एसडीएम गुलजार मलिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

- समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास ही राष्ट्र का विकास : एसडीएम

विकसित भारत संकल्प यात्रा ने मंगलवार को उचाना शहर में प्रवेश किया और शहरवासियों द्वारा यात्रा का पहुंचने पर फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम नगरपालिका उचाना परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि गुलजार मलिक ने नागरिकों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। एसडीएम गुलजार मलिक ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आमजन तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित ना रहने पाए और उसे मौके पर ही लाभ प्रदान किया जा सके। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से आह्वान किया कि वे कार्यक्रम के दौरान उपलब्ध स्टालों पर योजनाओं की जानकारी अवश्य लें, साथ ही अपने परिवारजनों, पड़ोसी और मित्रगण को सूचित करें। यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी बनती है।

**15 को गैस सिलेंडर दिए**

कहा कि सरल हरियाणा पोर्टल पर 682 ऑनलाइन सेवाएं चलाई गई हैं, जिनका घर बैठे नागरिक लाभ ले सकते हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उ'जवला योजना के तहत मौके पर ही 15 लाभार्थियों गैस चुल्हा व गैस सिलैंडर वितरित किए गए। एसडीएम गुलजार मलिक ने कहा कि सरकार की विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए देश व प्रदेश की सरकारें निरंतर प्रयासरत हैं। पीएम मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सेवा सुशासन के माध्यम से बड़ा व्यवस्था परिवर्तन हुआ है। नगर पालिका अध्यक्ष विकास काला ने प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जीवन 'योति योजना की जानकारी सांझा करते हुए कहा कि इस तरह की योजनाएं विपत्ति में व्यक्ति का बड़ा सहारा बनती हैं। कोई भी व्यक्ति मात्र 20 रुपये का भुगतान के साथ दो लाख रुपये का बीमा करवा सकते हैं, साथ केवल 436 रुपये जमा करवाते हुए प्रधानमंत्री जीवन 'योति योजना का लाभ उठा सकते हैं।

---

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

- महिला किसान लेंगी हमेटी में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** हमेटी में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण लेने पहुंची महिला। *फोटो :हरिभूमि*

हरियाणा कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान हमेटी में मंगलवार को महिला किसानों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विभिन्न जिलों से आई 40 महिला किसान प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण लेंगी। कार्यक्रम के संयोजक व ट्रेनर डा. सुभाष चंद्र ने बताया कि सरकार के प्रोत्साहन से प्राकृतिक खेती में किसानों का रुझान बढ़ रहा है। रसायनिक खेती से होने वाले नुकसानों से किसान चिंतित होने लगे हैं, इसलिए उन्होंने प्राकृतिक खेती की पद्धति को अपनाना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि 30 किसानों के बैच के लिए प्रशिक्षण में 40 महिला किसानों का पहुंचना यह दर्शाता है कि अब किसान प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक होने लग गए हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षण में आई कंडेला गांव की महिला किसान ओमी देवी ने कहा कि आजकल जहरीले रसायनिक कीटनाशक व खाद डालकर जो खेती की जा रही है, उससे कैंसर जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। नौजवानों की भी हार्ट अटैक जैसी बीमारियों से असामयिक मृत्यु हो रही है। इन जहरीले कीटनाशकों को सरकार ने बंद करना चाहिए। निडाना गांव की अंग्रेजो देवी ने बताया कि जहरीले कीटनाशकों ने लाभकारी जीवाणु व मित्र कीटों को नष्ट कर दिया है।

### समिति ने बच्चों के लिए दी खाद्य सामग्री

**जींद।** जिला बाल कल्याण परिषद जींद द्वारा संचालित कलाम बाल आश्रम जींद में रह रहे बच्चों के लिए स्वतंत्र समूह सेवा समिति की तरफ से बच्चों की एक बार फिर से मदद की गई। समिति के तरफ से आश्रम के बच्चों के लिए राशन, दाल, चावल, आटा, घी, चीनी आदि सामान उपलब्ध करवाया गया। पहले भी कई बार स्वतंत्र समूह सेवा समिति की तरफ से कलाम बाल आश्रम के बच्चों की मदद की जा चुकी है और अब एक बार फिर से समिति के द्वारा मदद की है। अध्यक्ष प्रदीप मोर प्रधान कृष्ण श्योकंद ने बताया कि समिति हमेशा से असहाय की मदद करती आई है। अनिल सिंगला व प्रोग्राम ऑफिसर मलकीयत चहल व कलाम बाल आश्रम के सभी सदस्यों ने कलाम बाल आश्रम की तरफ से स्वतंत्र समूह समिति का बच्चों की मदद करने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

# एसडीएम को सौंपा मांगपत्र

- बस सेवा न होने से छात्राओं को हर दिन उठानी पड़ती है भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



**सफीदों।** ज्ञापन लेकर एसडभीएम कार्यालय पहुंचे छात्र-छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

सफीदों वाया उरलाना, सीख, पाथरी से गोहाना होकर जाने वाली बस सेवा बंद होने से परेशान अनेक छात्र-छात्राएं मंगलवार को नगर के मिनी सचिवालय पहुंची और एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रा अंतिम देवी, 'योति, प्रीति, इंदु, खुशी, शालिनी, तनु, खुशी, मौसम, अनु, मुस्कान, कोमल, विकास, अंशुल, अमन, विक्की, अमित, शुभम, अजीत पाथरी व नवीन ने कहा कि पहले सफीदों वाया उरलाना से करीब सवा दो बजे बस सुचारू रूप से चल रही थी लेकिन कुछ समय से बस को रोक दिया गया है। जिससे छात्र-छात्राओं को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभी परीक्षा का समय भी चल रहा है और इतनी सर्दी में प्राइवेट व्हीकल में जाना मुश्किल भरा होता है। इस प्रक्रिया में पैसे भी लगते हैं, समय भी खराब होता है और शिक्षा भी प्रभावित होती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस बस सेवा को पुनः सुचारू रूप से चालू किया जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई खराब ना हो और उन्हे परेशानियां ना झेलनी पड़े। जिस पर एसडीएम ने रोजवेज प्रबंधन को तत्काल इस बस को शुरू करने के आदेश दिए। वहीं बस अड्डा इंचार्ज वीरेंद्र स्वामी ने बताया कि आज से ही बस सेवा शुरू कर दी जाएगी।

---



**जींद।** सर छोटूराम को नमन करते महाविद्यालय स्टाफ। *फोटो :हरिभूमि*

### दीनबंधु सर छोटूराम की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**जींद।** छोटू राम किसान महाविद्यालय के प्रांगण में महान क्रांतिकारी, समाज सुधारक व किसानों के मसीहा दीनबंधु सर छोटूराम की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कॉलेज के प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू ने कहा कि उन्होंने भारत में गरीबों के हित में काम किया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें 1937 में नाइट की उपाधि दी गई। सर छोटूराम बहुत ही साधारण जीवन जीते थे और अपनी सैलरी का बड़ा हिस्सा शिक्षा के लिए योगदान करते थे। वकालत करने के साथ उन्होंने 1912 में जाट सभा का गठन किया और प्रथम विश्व युद्ध में उन्होंने रोहतक के 22 हजार से 'यादा सैनिकों को सेना में भर्ती करवाया। आज छोटूराम के नाम पर हरियाणा में जींद, रोहतक, सोनीपत, हिसार में अनेक शैक्षणिक संस्थाएं खुली हुई है जो बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दिन रात कार्य कर रही हैं। छोटूराम ने समाज के निम्न वर्ग के लिए हमेशा ही सराहनीय कार्य किया।

# गोशाला को चारा काटने की मशीन दी

- श्रद्धालुओं के सहयोग से सवा लाख एकत्रित कर खरीदी मशीन : विपिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** आधुनिक मशीन से चारा काटते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

श्री राधे चरण पादुका सेवा समिति द्वारा हांसी रोड स्थित बीड वाली गौशाला में लगभग सवा लाख रुपये कीमत से चारा काटने की मशीन दान स्वरूप दी। बीड में काफी संख्या में गायों को रखा गया है। ऐसे में यहां चारा काटने को लेकर बहुत परेशानी होती थी। जिस पर श्री राधे चरण पादुका सेवा समिति ने अपने प्रयासों से सवा लाख रुपये की मशीन खरीदी और इसे गौशाला को दिया।

श्री राधे चरण पादुका सेवा समिति के प्रधान बलदेवराज, महासचिव विपिन आहूजा ने कहा कि समिति द्वारा बीड वाली गौशाला में प्रतिदिन हरे चारे को लेकर गायों सेवा की जाती है।

इसके अलावा गौशाला में नियमित तौर से सफाई व अन्य कार्य किए जाते हैं। यहां गायों के लिए हरा चारा काटने को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ता था और टाल पर हाथ से ही चारा काटते थे। जिससे काफी समय लग जाता था। इसी समस्या को लेकर श्री राधे चरण पादुका सेवा समिति ने अभियान चलाते हुए श्रद्धालुओं के सहयोग से सवा लाख रुपये की राशि एकत्रित की और फिर आधुनिक चारा काटने वाली मशीन खरीद गौशाला के लिए दी। अब यहां गायों के लिए हरा चारा काटने की सुविधा हो गई है।



बुडायन के पार्क में सर छोटूराम की प्रतिमा का अनावरण करते सांसद बृजेंद्र सिंह।

### गठबंधन रहा तो भाजपा में नहीं रहेंगे : सांसद बृजेंद्र

**उचाना।** एक साक्षात्कार में में भाजपा राष्ट्रीयध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा प्रदेश में गठबंधन धर्म निभाने की बात कहने पर भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि ये बयान सुना नहीं है लेकिन व्हाटसएप पर जरूर देखा है। भाजपा के साथ जजपा का गठबंधन रहेगा तो हम (बीरेंद्र सिंह परिवार) भाजपा में नहीं रहेंगे। दो अक्टूबर को पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह जींद में आयोजित हुई मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम में खुले मंच से ये बात कह चुके थे कि भाजपा के साथ जजपा का गठबंधन रहा तो हम (बीरेंद्र सिंह परिवार) भाजपा के साथ नहीं रहेंगे। इस बात पर आज भी हम कायम है। पत्रकार वार्ता में पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी शैलजा द्वारा भाजपा द्वारा कभी यात्राएं नहीं निकले जाने के बयान पर सांसद ने कहा कि वो (कांग्रेस) विपक्ष में है इसलिए उन्हें यात्राएं निकाले की जरूरत है। भाजपा बीते करीब दस साल से केंद्र, प्रदेश में सत्तासीन है। पश्चिमी छोर से लेकर पूर्व छोर तक आपको हर जगह से जिस प्रकार से भाजपा की मौजूदगी है वो आपको मिलेंगी। जिससे आभास हो जाएगा कि किस प्रकार से पूरे भारत में भाजपा के साथ उनका कार्यकर्ता जुड़ा हुआ है।

---

डीसी ने अमृत सरोवर मिशन के तहत की अधिकारियों के साथ समीक्षा

# अमृत सरोवरों का काम पूरा करवाएं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




**जींद।** बैठक को संबोधित करते हुए डीसी। *फोटो :हरिभूमि*

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जलाशयों के पुनःद्धार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू की गई महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना के तहत संबंधित अधिकारियों को जिला में मिशन मोड में अमृत सरोवरों का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार जल संरक्षण की दिशा में अनेक महत्वाकांक्षी निर्णय ले रही हैं ताकि जमीन का भूजल स्तर ऊपर उठाया जा सके और आने वाली पीढ़ी के लिए जल का संरक्षण किया जा सके। सरकार की योजनाएं निश्चित तौर पर जल संचय व भू जल स्तर को ऊपर उठाने में मील का पत्थर साबित होंगीं। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा लघु सचिवालय सभागार में अमृत सरोवर मिशन के तहत आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जल्द ही मुख्यमंत्री मनोहरलाल प्रदेश स्तर पर अमृत सरोवरों का उद्घाटन कर सकते है। ऐसे में जींद जिला से संबंधित जितने भी अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य चल रहा है या अधुरा है, उन्हें जल्द से जल्द पूरा करवाएं। बैठक में उन्होंने उदयपुर व दूर्जनपुर में बने अमृत सरोवरों की सराहना करते हुए कहा कि इन सरोवरों में भी जो भी कार्य शेष हैं, उन्हें जल्द पूरा करवाया जाए ताकि इनका लोकापर्ण करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर गांवों में बने अमृत सरोवरों पर तिरंगा फहराया जाए।

**ये रहे मौजूद**

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन पुराने तालाबों की स्थिति दयनीय है, उनमें मिट्टी व गाद भर चुकी है तो उसकी सफाई कर उसे नया रूप दिया जाए। उन्होंने बताया कि आजादी अमृत काल में अमृत सरोवर मिशन निश्चित तौर पर अपनी विरासत को संजोने का एक कारगर मिशन है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला में अमृत सरोवर योजना के तहत पहले से बने तालाबों का जीणार्ेद्धार करने के साथ-साथ नए अमृत सरोवर बनाने के लिए नई जगह चिन्हित की जाएं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ, जींद के एसडीएम डा. पंकज, जिला परिषद की सीईओ डा. किरण सिंह, नरवाना के एसडीएम अनिल कुमार दून, सफीदों के एसडीएम मनीश कुमार फोगाट,नगराधीश नमिता कुमारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



**जींद।** जजपा जिला कार्यालय में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक लेते प्रदेशाध्यक्ष।

### संगठन की मजबूती के लिए बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक

**जींद।** जजपा जिला कार्यालय में मंगलवार को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक यादवेंद्र खर्ब की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष प्रो. रणजीत सिंह चीका व डा. अजीत सिंह प्रदेश प्रभारी ने शिरक्त की। इस दौरान प्रकोष्ठ की जिला व हलका कार्यकारिणी का गठन कर जल्द जारी करने के लिए विचार विमर्श किया। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष प्रो. रणधीर चीका व डा. अजीत सिंह ने कहा कि आगामी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को अभी से तैयारी शुरू करने की जरूरत है। इसके चलते संगठन के विभिन्न पदों पर मेहनती कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने की जरूरत है ताकि चुनाव से पहले जजपा द्वारा करवाए गए विकास कायोंर् व पार्टी की नीतियों को लेकर वह हर घर द्वार तक पहुंचाए। उन्होंने कहा अब चुनावी वर्ष की शुरूआत हो चुकी है। इसी वर्ष में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव होने हैं।

खबर संक्षेप



## 12 स्कूलों में लाइफ स्किल डिवेलपमेंट शिविर

**राजौंद।** खंड के 12 स्कूलों में चल रहे हैं लाइफ स्किल डिवेलपमेंट शिविर। जानकारी देते हुए बलबीर कश्यप खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधन संयोजक ने बताया कि विभाग के दिशानर्देश अनुसार समग्र शिक्षा के अंतर्गत खंड के 12 स्कूलों में लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप चल रहे हैं। जिनमें से 6 स्कूलों का कैंप आज समाप्त हो चुका है और 6 स्कूलों में यह कैंप 12 जनवरी 2024 तक चलेंगा।

## थाना शहर पुलिस ने सटोरिया पकड़ा

**कैथल।** थाना शहर पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 1450 रुपए नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर पुलिस के एएसआई महेंद्र सिंह की टीम को सायंकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की महादेव कालोनी गली नंबर 11 के पास एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है। पुलिस ने आरोपी मानस रोड कैथल निवासी विक्की को काबू किया है।

## पीओ पकडो स्टाफ ने पीओ अपराधी पकड़ा

**कैथल।** पीओ पकडो स्टाफ के एएसआई राजकुमार की टीम द्वारा आरोपी राजौंद निवासी प्रवीन कुमार को काबू कर लिया गया। आरोपी प्रवीन पर वर्ष 2017 दौरान थाना राजौंद क्षेत्र अंतर्गत से वाहन को लापरवाही से चलाकर एक्सीडेंट में चोटे मारने का आरोप है। प्रवीन जमानत लेकर न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ था। जिसे कोर्ट द्वारा 11 दिसंबर 2023 को पीओ घोषित किया गया था।

## निजी प्लॉट में गंदगी के लिए नपा जिम्मेदार नहीं

**पूंडरी।** नगरपालिका सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि पूंडरी शहर में 7 करोड़ 60 लाख रुपए का कम्युनिटी सेंटर का जो टेंडर लगाया था, वह खुल चुका है और डी.एम.सी. कैथल के पास भेज दिया गया है। कैथल डी.एम.सी. के माध्यम से सरकार के पास अप्रूवल के लिए जाएगा और स्वीकृति प्राप्त होते ही निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। आज पिलका में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि नगर में सफाई निरंतर करवाई जा रही है, यदि फिर भी किसी स्थान पर गंदगी या सफाई न होने को लेकर आम जन को कोई समस्या है तो शिकायत दें और सूचना दें।

## धर्मबीर कौलेखां ने दिया बालू रैली का न्योता

**राजौंद।** कांग्रेस के किसान खेत मजदूर के प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर कोलेखा गांव सौंगरी में जनता के बीच जाकर 13 जनवरी को बालू अनाज मंडी में होने वाली कांग्रेस की रैली में पहुंचने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा की 13 जनवरी को अनाज मंडी बालू में होने वाली कांग्रेस की रैली के बाद प्रदेश में नया परिवर्तन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोगों से संपर्क करने पर लोगों ने कांग्रेस के प्रति अपनी आस्था दिखाई हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्राः वर्ष 2047 तक भारत होगा विकसित राष्ट्रों में शुमार

# गांवों में अंतिम व्यक्ति तक पहुंची मोदी की गारंटी

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने गांव काकोत और नरड़ में हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इस यात्रा से जहां लोगों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है, वहीं मोदी गारंटी की गाड़ी के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की जा रही है। काकोत और नरड़ गांव में करोडों रुपए के विकास कार्य करवाए गए हैं, और शहर की तर्ज पर सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा मंगलवार को गांव काकोत और नरड गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। इससे पहले उन्होंने स्कूल परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों पर जाकर गहनता से निरीक्षण भी किया। गांव के पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही राज्य मंत्री द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। उन्होंने गांव काकोत में विभिन्न विकास कार्य हेतु 15 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।



**कैथल।** विकसित भारत सकल्प यात्रा में लोगों की समस्याएं सुनतीं राज्यमंत्री कमलेश ढांडा।




### चीका में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**गुहला-चीका।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन शहरी क्षेत्र हेतु चीका के नए नगरपालिका भवन तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुआ। इन कार्यक्रमों में नगरपालिका की चेयरपर्सन डॉ. रेखा रानी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर उनके साथ हरियाणा डेयरी विकास प्रसंग के चेयरमेन रणधीर सिह भी मौजूद रहे। चेयरपर्सन ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण करके दी जा रही जानकारी व सेवाओं के बारे में फीडबैक ली। चेयरपर्सन डॉ. रेखा रानी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से आम जन की समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया जा रहा है। जो वंचित पात्र व्यक्ति रह गए हैं, उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां आमजन को कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है, वहीं विकासात्मक दृष्टिकोण से नगर पालिका क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। डा. रेखा रानी ने कहा कि चीका शहर में करोडो रुपए की धनराशि से विकास कार्य पूरे करवाए जा चुके हैं।



**कैथल।** एससी आयोग के सदस्य रवि तारावांली जन संवाद कार्यक्रम का अवलोकन किया।

### डेरा प्रेमपुरा और कक्योर माजरा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**सीवन।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांव डेरा प्रेमपुरा और कक्योर माजरा में एससी आयोग के सदस्य रवि तारावांली ने शिरकत की। विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। एससी आयोग के सदस्य रवि तारावांली ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया और मौके पर मौजूद ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल करने की शपथ दिलाई। एससी आयोग के सदस्य रवि तारावांली ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की स्कीमों के बारे में वैन के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों द्वारा आम जन को सरकारी स्कीमों का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीण आंचल में लोगों को आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पैंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करना आदि योजनाओं का लाभ मौके पर ही लाभार्थियों को दिया जा रहा है। इसके साथ-साथ लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए संबंधित विभागों के माध्यम से शिविर के साथ-साथ हैल्थ चैकअप भी आयोजित किए जा रहे हैं। गांव प्रेमपुरा में शुष्मा और मीना को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर और गैस चुल्हा दिया गया। इस मौके पर एसीईओ जिला परिषद कंचन लता, सतनाम सिंह, रणजीत सिंह, इन्द्र सिंह, गुरमुख सिंह, सुखविंद्र सिंह, लखविंद्र सिंह हॉन्डा, मेजर सिंह, विकास शर्मा, रमेश कुमर, जसमेर सिंह, रिंकू, दिनेश, कर्मा आदि उपस्थित रहे।

### योग्यता-पारदर्शिता के आधार पर नौकरियां प्रदान की गईं

केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में एक समान रूप से अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए है। घर बैठे पात्र व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा व्यवस्था परिवर्तन कर योजनाओं का सीधा लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया है। सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आज सरकार द्वारा गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की स्कीमों का लाभ प्रदान किया जा रहा है, जिसमें आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि योजना, बुढ़ापा पेंशन, उज्ज्वला योजना, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग आदि योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है। युवाओं को योग्यता व पारदर्शिता के आधार पर सरकारी नौकरियां प्रदान की गई है। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है। इस मौके पर एडीसी सुशील कुमार, एससीपीओ अनुरागदत्त, सरपंच कर्ण सिंह, बाली काकोत, रमेश केंदल, पाला राम, सुशील पांचाल, रेणु देवी, सतीश कुमार, प्रदीप शर्मा, विजय, रामनिवास, कुलबीर, दीपक, खजान सिंह, बलबीर, सुबा व समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने गांव नरड़ में वंचितों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। उज्जवला योजना के तहत गांव नरड़ में पूनम, नीलम, ज्योति और मोनिका को गैस सिलेंडर व गैस चूल्हा दिया गया इसी प्रकार कृष्ण देवी, रमेश, अमृत, चांदो देवी, सेवा रानी, भीमा, बलबीर और गोपाल की वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पेंशन लागू की गई।

# प्रदीप ने बांटे विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट आईटीआई, कैथल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन सेमिनार हॉल में प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने जोश और उत्साह से प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका जाट आईटीआई प्राचार्य कुलदीप गोपेरा ने निभाई।उन्होंने विद्यार्थियों के प्रदर्शन,प्रतिभा तथा रचनात्मकता की सराहना करते हुए उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। प्राचार्य ने प्रेरक वक्तव्य देते हुए विद्यार्थियों से कड़ी मेहनत और प्रतिस्पर्धी भावना विकसित करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता में इलेक्ट्रीशियन द्वितीय वर्ष ट्रेड से राजू,फिटर द्वितीय वर्ष से नीरज, इलेक्ट्रीशियन प्रथम वर्ष से आशीष,फिटर प्रथम वर्ष से सागर हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर से अमन,कोपा से सोनिया तथा वेल्डर से विशाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की टीम ने आईटीआई में औचक निरीक्षण किया जिसमें विभाग के संयुक्त-निदेशक प्रदीप दहिया, सहायक-निदेशक विशाल सोढी, राजकीय आईटीआई साढोरा से जी.आई. अश्विनी कुमार शामिल रहे जिन्होंने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने आईटीआई की कार्य प्रणाली से अति उत्साहित होते हुए इसे हरियाणा की श्रेष्ठतम आईटीआई का दर्जा दिया।



**कैथल।** प्रदीप दहिया तथा विशाल सोढी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए।

## भारत संकल्प यात्रा दौरान किया जागरूक

**कैथल।** पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत मंगलवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार व चालक संजय दत्त की टीम द्वारा चीका में विकसित भारत संकल्प यात्रा दौरान आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान मौजूद आमजन ने पुलिस द्वारा किए जा रहे इस कल्याणकारी कार्य की प्रशंसा की। आमजन द्वारा कहा गया कि पुलिस की इस मुहिम के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है, इससे प्रभावित होकर क्षेत्र के 80 से 85 प्रतिशत लोगों ने नशा को छोड़ दिया है।

# लड़कियों का शिक्षित होना जरुरी

- महिलाओं के जीवन में शिक्षा की भूमिका विषय पर गर्ल कॉलेज में एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में महिलाओं के जीवन में शिक्षा की भूमिका विषय एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता गवर्नमेंट कॉलेज रादौर से प्राध्यापक नरेश कुमार पाराशर ने कहा कि लड़कियां जब तक शिक्षित नहीं होंगी तब तक वह सशक्त नहीं हो सकती। लड़कियों का शिक्षित होना समाज के लिए बहुत अनिवार्य है। उन्होंने छात्राओं को पीपीटी के के माध्यम से बड़े ही सरल तरीके से बताया कि सेक्स और जेंडर में क्या अंतर है । उन्होंने कहा कि समाज में लड़कियों को कुछ अधिकार इसलिए नहीं दिए जाते क्योंकि वह लडकी है जबकि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लडकों से पीछे नहीं है। उन्होंने देश की विभिन्न रोल मॉडल महिलाओं के उदाहरण देकर छात्रों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित भी किया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी रेनु रानी ने छात्राओं को बताया कि महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में इस तरह के प्रेरणादायक लेक्चर का आयोजन किया जाता रहेगा । प्राचार्य राजेश कुमार सैनी ने भी छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी तरह से पुरुषों से कमजोर नहीं हैं।



**कैथल।** मंगलवार को महिला कॉलेज में छात्राओं को शिक्षा बारे जागरुक करते मुख्य वक्ता

# गौरव ने मेजर जनरल जीडी बख्शी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

ओम मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल पूंडरी के एमडी एवं मैरिज पैलेस एसोसिएशन के प्रधान गौरव वालिया एडवोकेट ने मेजर जनरल जीडी बख्शी से नई दिल्ली में पहुंचकर मुलाकात की।

मुलाकात के बाद यहां अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत में गौरव वालिया एडवोकेट ने बताया कि मेजर जनरल जी.डी. बख्शी देखने मे काफी कड़क लगते हैं परंतु उनमें देशभक्ति की भावना खुद भी है और दूसरों में भी वे इसके लिए जोश पैदा करने वाले व्यक्तित्व हैं। इनका पूरा नाम गगन दीप बक्शी है और ये जबलपुर के रहने वाले थे। भारत-पाकिस्तान के 1971 के युद्ध मे इन्होंने भाग लिया था। गौरव वालिया ने बताया कि बख्शी जी 1971 से 2008 तक भारतीय आर्मी में रहे। इन्होंने कारगिल वार में बटालियन का प्रतिनिधित्व किया।



**कैथल।** मेजर जनरल जीडी बख्शी के साथ गौरव वालिया एडवोकेट।

# शानदार तरीके से मनाएंगे गणतंत्र दिवस

- डीसी प्रशांत पंवार ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को मनाने के दृष्टिगत ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन पुलिस लाईन मैदान में गरिमपूर्ण, भव्य व शानदार ढंग से मनाया जाएगा। देश भक्ति व विभिन्न लोक संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के परिजनों को उनके घर जाकर जिला प्रशासन द्वारा सक्वमानित किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारी समय रहते तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करें, ताकि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन गरिमा पूर्ण किया जा सके। डीसी प्रशांत पंवार लघु सचिवालय स्थित सभागार में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को मनाने के दृष्टिद्गत अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। गणतंत्र दिवस समारोह में प्लाटून द्वारा भव्य मार्च पास्ट किया जाएगा। परेड़ में शामिल टुकड़ियों द्वारा 18 से 23 जनवरी को पुलिस लाईन मैदान में पूर्वाञ्यास किया जाएगा तथा 24 जनवरी को फुल ड्रैस अंतिम पूर्वाञ्यास निर्धारित समयानुसार किया जाएगा।

संबंधित विभागों द्वारा निर्धारित स्थलों पर भव्य स्वागत गेट भी लगाए जाएंगे।




**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए




**कैथल।** भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड का स्वागत करते आदित्य भारद्वाज

### कुरुक्षेत्र युवा सम्मेलन में कैथल से जाएंगे युवाः अशोक

**कैथल।** भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल में युवा मोर्चा हरियाणा द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी की 12 जनवरी को थीम पार्क कुरुक्षेत्र में होने वाली युवा सम्मेलन रैली को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा अध्यक्ष आदित्य भारद्वाज ने की। युवा मोर्चा द्वारा विशेष रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तुषार ढांडा ,साहिल राणा, कपिल पांडे और अंकित मराठा ने शिरकत की। जिलाध्यक्ष अशोक गुज्जर ढांड ने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की युवा सम्मेलन को लेकर जिमेदारियां निश्चित की। सभी कार्यकर्ताओं को रैली को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष अशोक गुज्जर ढांड ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में युवाओं ने बिना पर्ची के नौकरी मिल रही है।

# धोखाधड़ी से बचने को दो पुस्तिकें प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



एसपी उपासना

डिजिटल लेन देन में धोखाधड़ी से बचने के लिए आरबीआई द्वारा बी ए वेयर तथा राजु और दा फोर्टी थिवस नामक दो पुस्तिका प्रकाशित की गई है। एसपी उपासना ने बताया कि इन पुस्तिकाओं में वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिए अहम सुझाव बताए गए है। पुस्तिकाओं में दी गई सावधानियां बरतकर वित्तीय धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। इसमें बताया गया है कि किसी भी लिंक को पूर्ण सत्यापन करने के बाद ही क्लिक करे। बैंक कभी भी यूजरनेम, पासवर्ड, ओटीपी आदि कभी साझा करने के लिए नहीं कहते। ऑनलाइन बिक्री प्लेटफार्म का उपयोग करते समय हमेशा सावधान रहे। अनजान, गैर सत्यापित स्त्रोत या व्यक्ति के कहने पर कभी भी कोई एप्लीकेशन डाउनलोड न करे। एटीएम कार्ड का प्रयोग बहुत सावधानी के साथ करना चाहिए और अपना पिन किसी से शेयर न करे। अपने उपकरण में कभी भी कोई स्क्रीन शेयरिंग एप डाउनलोड न करे। अपने सिम कार्ड से संबंधित जानकारी कभी किसी से शेयर न करे। किसी भी कस्टमर केयर का संपर्क विवरण हमेशा आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करे।

## खाद के कट्टे का वजन कम करना किसानों के साथ ठगीः माजरा

**पाई।** खाद के कट्टे का वजन कम करने पर प्रदेश के पूर्व मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि सरकार के द्वारा यह किसानों के साथ ठगी है। उन्होंने कहा कि पहले यूरिया खाद में 50 किलों खाद होता था, जिसको भाजपा सरकार ने घटाकर 45 किलो कर दिया था, परन्तु अब फिर से इस खाद के कट्टे का वजन घटाकर 40 किलो कर दिया है, जबकि इस खाद के दाम वही पहले वाले रहेगें। सरकार के द्वारा दामों को नही घटाया गया। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा मेरी फसल मेरा ब्योंरा पर पंजीकरण के नियमों को बदल कर जटिल कर दिया है। जिससे सिद्ध होता है कि यह सरकार किसान हितैषी नहीं, अपितु किसान विरोधी है।

### जीवन कौशल विकास पर आधारित सेमिनार का आयोजन

# छात्र जीवन में स्वास्थ्य सबसे जरूरीः डॉ विपुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल में नौवीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए जीवन कौशल के विकास लिए के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग कैथल की तरफ से डॉक्टर विपुल सिंघानिया जी तथा रेड क्रॉस सोसाइटी कैथल की तरफ से प्रशिक्षक बलबीर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉक्टर विपुल सिंघानिया ने छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी बातों के बारे में बताते हुए कहा कि हम अपने सुबह से शाम तक के दैनिक जीवन में अपने ही क्रियाकलापों के माध्यम से विभिन्न बीमारियों को आमंत्रित करते हैं। छात्र जीवन में स्वास्थ्य सबसे जरूरी है। परीक्षा के दिनों में छात्र-छात्राएं मानसिक तनाव का शिकार हो जाते हैं और खान-पान इत्यादि का ध्यान न रखने के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं जिसके परिणाम स्वरूप शारीरिक संतुलन बिगड़ जाता है और वे उन दिनों में अस्वस्थ हो लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाते।



**कैथल।** फर्स्ट एड का प्रशिक्षण लेते ओएसडीएवी स्कूल के विद्यार्थी। *फोटोः हरिभूमि*

### धैर्यपूर्वक कर्तव्य का पालन करें

ऐसी स्थिति में छात्रों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए और धैर्यपूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करते हुए विशेषकर परीक्षा के दिनों अपने खानपान का ध्यान रखना चाहिए तथा फास्ट-फूड, तैलीय भोजन आदि से दूरी बनाकर रखनी चाहिए।इसी कड़ी में जिला उपायुक्त कैथल के निर्देशन में रेड क्रॉस सोसाइटी कैथल की तरफ से प्रशिक्षक बलबीर ने छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने दुर्घटना के समय घायल व्यक्ति को सुरक्षित हस्पताल पहुंचाने के लिए दिए जाने वाले विभिन्न उपचारों के बारे में बताते हुए हार्ट-अटैक आने, जहरीला पदार्थ निगलने तथा बेहोशी आदि की स्थिति में किए जाने वाले विभिन्न उपचारों के बारे में महत्वपूर्ण बातें बताई। बलबीर ने बताया कि दिया गया एक यूनिट रक्त तीन लोगों की जान बचाता है।

## खबर संक्षेप



### गांव की परिक्रमा करके कलश स्थापित करवाया

**पूंडरी।** विश्व हिंदू परिषद् कैथल के जिला मंत्री एवं अयोध्या से आए पूजित (पीले) चावल अक्षत वितरण के महासंपर्क अभियान के जिला संयोजक गोपाल कृष्ण भट्ट का अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश को स्थापित करवाने हेतु गांव करोड़ा में न्यौते के रुप में कलश स्थापित करवाने हेतु पहुंचे तो गांवों का बच्चा-बच्चा कलश प्राप्त करने के लिए निकल पड़ा और गांवों के हजारों की संख्या में इकट्ठे होकर पूरे गांव की परिक्रमा करके कलश स्थापित करवाया।

### स्वयं सेवकों ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

**कैथल।** शाहीद मिठिया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाना में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत के वरिष्ठ सदस्य मान सिंह ने ने दीप प्रज्वलित करके समापन समारोह का आरंभ किया। इस शिविर में विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए महिला सशक्तिकरण, योग ,एचआईवी ,ट्रैफिक नियमोंव रेबीज आदि से संबंधित विभिन्न स्त्रों का आयोजन किया गया ।



### श्री मणिमहेश मंडल ने शिव त्रयोदशी पर लगाया भंडारा

**कैथल।** श्री मणिमहेश मण्डल कैथल द्वारा मासिक शिव त्रयोदशी भंडारा शिवरात्रि के उपलक्ष्य में छज्जू सराय नजदीक सन होटल कोठी गेट पर 83वां विशाल भंडारा कढ़ी चावल का लगाया गया। भण्डारा का शुभारंभ सदस्य सतपाल गुप्ता व डा. पवन गर्ग द्वारा बिदक्यार कुण्ड पर बना प्राचीन शिव मंदिर में शिव पूजन एवं कन्याओं को भोजन खिलाकर भण्डारे का शुभारंभ मण्डल के प्रधान दीपक गुप्ता आरे वाले ने करवाया।

## दोनों कार्यों पर खर्च किए जाएंगे 15 करोड़ रुपये

# हांसी ब्रांच नहर पर छठ पूजा घाट व साइड लाइजिंग का कार्य शुरू

घाट न होने से छठ पूजा स्नान और गणेश विसर्जन के लिए श्रद्धालुओं को होती थी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हांसी ब्रांच नहर पर छठ पूजा घाट व साइड लाइजिंग का कार्य शुरू हो गया है। इस पर लगभग 15 करोड़ की राशि खर्च की जानी है। नहर पर छठ पूजा घाट बनने से श्रद्धालुओं को बहुत फायदा होगा। कार्य शुरू करने से पहले जींद भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने जयंती देवी मंदिर में पूजा अर्चना की और इसके बाद निर्माण कार्य की शुरूआत की। जींद-हांसी ब्र्र्र्रांच नहर पर घाट बनने के बाद यहां पर श्रद्धालु मूर्ति विसर्जन, सूर्य को अर्घ्य व पूजा आदि अन्य धार्मिक आयोजन विधि विधान से कर सकेंगे।



जींद। निर्माण कार्य की शुरूआत करते हुए विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो : हरिभूमि

### जैसे तैसे कर नहर में विसर्जन करना पड़ता था

शहर समेत जिला में हजारों की संख्या में प्रवासी मजदूर रह रहे हैं और हर वर्ष छठ पूजा का पर्व बड़े ही उत्साह से मनाते हैं। इसी प्रकार गणेश महोत्सव के कई बड़े आयोजन शहर में होते हैं लेकिन गणेश विसर्जन के लिए उन्हें काफी परेशानी होती थी। क्योंकि शहर में नहर के पूलों के पास ग्रील आदि लगाई हुई हैं। ऐसे में कोई घाट नहीं होने के कारण उन्हें जैसे तैसे कर नहर में विसर्जन करना पड़ता था। जिससे कई बार तो बच्चों और युवाओं के नहर में डूबने का खतरा बना रहता था। वहीं शहर में नहर के पूलों के पास ग्रील आदि लगाई हुई हैं। ऐसे में कोई घाट नहीं होने के कारण उन्हें जैसे तैसे कर नहर में विसर्जन करना पड़ता था।

### हांसी ब्रांच नहर की साइड लाइन सीसी से होगी पक्की

हांसी ब्रांच नहर की साइड लाइन को सीसी से पक्का किया जाएगा। नहर की बुर्जी संख्या 183000 से 198000 तक नहर की साइड लाइन को आरसीसी से पक्का किया जाएगा। बारिश के दिनों में इस रास्ते से आवागमन में परेशानी होती थी। अब रास्ता सीसी का बनने के साथ ही यहां से आसानी से आ-जा सकेगा।

### निर्माण कार्य की गुणवत्ता का रखें ध्यान : डा. मिड्ढा

जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने बताया कि शहर में नहर पर भव्य घाट बनाया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को पूरी सुविधा मिल सके। इसके अलावा नहर की साइड लाइन को आरसीसी से पक्का किया जाएगा। इस पर लगभग 15 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। विधायक ने ठेकेदार को स्पष्ट आदेश दिया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

# स्काउट एंड गाइड का कैंप संपन्न

- 28 स्काउट विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट तथा स्काउट ड्रेस भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पवनार पब्लिक स्कूल में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का तीन दिवसीय कैंप का समापन किया गया। स्काउट में भाग लेने वाले बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और राष्ट्रीयता के बारे में बताया गया। स्काउट इंचार्ज विनीत गुप्ता ने 62 विद्यार्थियों में से चुने गए 28 स्काउट विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट तथा स्काउट ड्रेस भेंट की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जोगिंदर ढूल ने बोलते हुए कहा विद्यार्थियों को देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। स्काउट की ट्रेनिंग में बच्चों ने जो संस्कार ग्रहण किए वह उनके जीवन को सफल बनाने में सहयोगी होगे। 86 वर्षीय केवल कृष्ण मित्तल ने कहा कि सफलता के लिए जीवन में अनुशासन का होना अत्यंत आवश्यक है विद्यालय की प्रबंधक राजश्री ने सफल कैंप के लिए बच्चों को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक राकेश पंजेठा, ज्योति संधू, गीता दत्त, अंजू शर्मा, केवल कृष्ण मित्तल आदि उपस्थित रहे।



कैथल। स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते जोगेंद्र ढुल तथा राजश्री। फोटो : हरिभूमि

# जीरो से 21 वर्ष तक की आयु के बच्चे ले सकते योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बेसहारा बच्चा जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही निराश्रित वित्तीय सहायता योजना का लाभ उठा सकता है। जो बालक या किशोर अपने माता-पिता के निधन या पिता की जेल होने के कारण या मां-बाप उसे छोड़ कर चले जाने की वजह से उचित पालन-पोषण प्राप्त नहीं कर रहा है तो वह इस स्कीम का लाभ उठा सकता है।

उन्होंने बताया कि किसी बच्चे का पिता अपने घर से पिछले दो वर्ष की अवधि से अनुपस्थित है अथवा किसी बच्चे के माता-पिता की लंबी सजा हो गई हो तो उनकी सहायता के लिए यह योजना चलाई जा रही है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए परिवार की वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग एक परिवार में दो बच्चों तक 1850 रुपये प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान कर रहा है।



मोहम्मद इमरान रजा।

### दो अलग अलग स्थानों से चोरी

**कैथल।** जिले में दो अलग-अलग जगहों से चोर एक खेत में बने कमरे से कृषि उपकरण और दुकान से नकदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए। पहले मामले में गांव फरल के गुरमहेंद्र सिंह ने ढांड थाना में शिकायत दी कि कस्बा ढांड में पंचमुखी चौक के पास उसकी दवाओं की दुकान है। सात जनवरी को रात के समय अज्ञात आरोपी उसकी दुकान का ताला तोडकर वहां से 7500 रुपये, एलईडी, डीवीआर व अन्य सामान चोरी कर ले गए। दूसरे मामले में गांव कमहेड़ी के कुलदीप सिंह ने चीका थाना में शिकायत दी कि सात जनवरी को रात के समय अज्ञात आरोपी उसके खेत में बने कमरे का ताला तोडकर वहां से कृषि उपकरण चोरी कर ले गया।

# खामियों को दूर करने के लिए कमेटी होगी गठित

- स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ और सरकार के प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग में पहले से स्वीकृत पदों में कटौती के निर्णय को वापस लेने तथा आबादी के अनुसार नये पद स्वीकृत करने व लंबित मांगों को लेकर महानिदेशक डा. रणदीप सिंह पूनिया की अध्यक्षता में सरकार व स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल के बीच सोमवार को पंचकूला में मीटिंग हुई। महानिदेशक के लिखित निमंत्रण पर हुई मीटिंग में स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों पर अब तक हुई कार्यवाही का अवलोकन किया गया। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के प्रदेशाध्यक्ष राममेहर वर्मा ने बताया कि महानिदेशक ने सभी जायज मांगों को जहां पूरा करने का जहां ठोस आश्वासन दिया, वहीं पर कुछ मांगों के सरकार स्तर पर होने पर अपनी असमर्थता भी जताई। बताया गया कि नए नोरम में कापुी खामियां होने के कारण अब समाप्त पदों को बहाल रखने तथा आबादी आधारित नण पद स्वीकृत करने के विषय पर अब डा. जेएस पूनिया की अध्यक्षता में अधिकारियों की एक कमेटी का गठन किया गया है जो कर्मचारी संगठनों को भरोसे में लेकर नये नोरम की पुन समीक्षा करके संशोधित प्रस्ताव सरकार को सिफारिश करेगी।

### लितानी रोड पर नपा ने अतिक्रमण हटाया

**उचाना।** शहर के लितानी रोड पर फाटक के आस-पास नपा टीम द्वारा अतिक्रमण हटाया गया। यहां पर सड़क किनारे लगाई गई रेहड़ियों के साथ-साथ दुकानदारों द्वारा किए गए सामान रख कर अतिक्रमण को हटाया गया। एमई भूपेंद्र अहलावत, जेई सत्यवान नपा टीम के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया। एमई भूपेंद्र गिल ने कहा कि जो भी दुकानदार भविष्य में सड़क पर सामान रख कर, रेहड़ी लगा कर अतिक्रमण करेगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम गुलजार मलिक, नपा सचिव विक्रमजीत द्वारा कई बार बाजारों में जाकर दुकानदारों को अतिक्रमण न करने के लिए आह्वान करने के साथ-साथ चेतावनी भी दी जा चुकी है।

# बाजीगर की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

- ककांग्रेस को अभी टेलर दिखाया है पूरी फिल्म दिखाना अभी बाकी है : बाजीगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

गुहला भाजपा के पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने कांग्रेस को धीरे से जोर का झटका दे दिया है, जिसके चलते अब गुहला की राजनीति में भी सरगर्मियां तेज हो गई है। कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ताअरं ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता मेघराज प्रजापति के नेतृत्व में गांव रत्ताखेड़ा लुकमान के दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक बाजीगर के चीका स्थित निवास पर पहुंचकर भाजपा में अपनी आस्था जताई। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कुलवंत बाजीगर ने भाजपा के पटके पहनाकर उनको पार्टी में शामिल किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने पार्टी में शामिल होने वाले लोगों का स्वागत करते हुए उन्हें विश्वास दिलवाया कि उन्हें भाजपा के अन्य कार्यकताअरं की तरह पूरा मान व सम्मान दिया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए बाजीगर ने कहा कि कांग्रेस कार्यकताअरं को भाजपा में शामिल होना तो अभी केवल उनकी तरफ से मात्र ट्रेलर ही कहा जा सकता है क्योंकि पूरी फिल्म तो अभी बाकी है, जिसका धीरे-धीरे प्रसारण किया जाता रहेगा। बाजीगर ने कहा कि आने वाले दिनों में कांग्रेस ही नहीं बल्कि अन्य पार्टियों के लोगों को भी भाजपा में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब वे विधायक थे तो उन्होंने अपने कार्यकाल में हलके का भरपूर विकास करवाया, जिन्हें लोग आज भी याद करते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वे विकास के दम पर ही चुनावी दंगल में उतरेंगे और गुहला हलका के कई बड़े गांवों में जल्द ही सभाओं का आयोजन किया जाएगा ।

इस अवसर पर भगवान सिंह, जितेंद्र सिंह, रामपाल, सतपाल, अवतार ङ्क्षसह व रामपाल सौदागर सहित कई अन्य भी मौके पर मौजूद रहे।



गुहला-चीका। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा के पटके पहनाकर पार्टी में शामिल करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।



### निर्माण मजदूरों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

**जींद।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मंगलवार को जन समस्याओं को लेकर शहर में प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर ज्ञापन डीसी मोहम्मद इमरान रजा को सौंपा। प्रदर्शन से पहले मजदूर नेहरू पार्क में माकपा वरिष्ठ नेता प्रकाश चंद्र व बलकेश के नेतृत्व में एकत्रित हुए। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश के मजदूरों, किसानों व आम जनता के हालात बेहद खराब हुए हैं। भाजपा व उसके सहयोगियों की आर्थिक नीतियों ने देश तबाह कर दिया है। भंयकर बेरोजगारी, कृषि संकट, बढ़ती मंहगाई, बिगड़ती कानून व्यवस्था, व्यवस्थागत भ्रष्टाचार व आय व संपति में भंयकर असमानता व गैर बराबरी ने युवाओं, मजदूरों, किसानों, गरीबों एवं महिलाओं का जीवन कष्टमय और दूभर कर दिया है। मांगने पर काम नहीं मिलता और काम मिलने में किए गए काम के पैसे नहीं आते हैं। निर्माण मजदूरों का लंबे समय से कल्याण बोर्ड में पंजीकरण नहीं हो रहा है।

# बीए प्रथम वर्ष के अनुज को चुना सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक

- सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

डीएवी कालेज पूण्डरी की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह में स. सुखविन्द्र सिंह कोटिया प्रधान गुरुद्वारा सिंह सभा हाबडी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज सेवा व राष्ट्र भक्ति का पाठ पढाती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ सुभाष तंवर ने की। प्राचार्य ने शिविर के दौरान हुए कायारे् व गतिविधियों के लिए कार्यक्त्रम अधिकारी डॉ वैभव दश्र शर्मा और छात्र-छात्राओं को साधुवाद दिया और सहयोग के लिए गुरुद्वारा सिंह सभा हाबडी का धन्यवाद किया। विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र प्रताप नेशनल हाकी खिलाडी एवम कोच हाकी स्टेडियम हाबडी ने कहा कि योग एवम खेलों के माध्यम से हम अध्ययन में सफलता प्राप्त कर सकते है ओर विद्यार्थियों में सहयोग व हार-जीत को सहन करने की क्षमता पैदा होती है। कार्यक्त्रम अधिकारी डॉ वैभव दश्र शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए शिविर की मुख्य गतिविधियों के बारे में बताया। शिविर मेंबीए प्रथम वर्ष के अनुज को सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक तथा बीए द्वितीय वर्ष की प्रीति को सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेविका चुना गया। सांस्कृतिक गतिविधियों में बीए प्रथम वर्ष के अनुज को सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक तथा बीए तृतीय वर्ष की परनीत देवी को सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेविका चुना गया। खेलकूद गतिविधियों में बीए तृतीय वर्ष के बादल को सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक तथा बीए द्वितीय वर्ष की प्रीति को को सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेविका चुना गया। इस अवसर पर गुरविन्द्र सिंह कोटिया, निर्मलजीत सिंह कोटिया, लेखक गुरबाज सिंह, गुलाब सिंह, राजीव सोनी तथा बुटटा सिंह उपस्थित रहे।





पूंडरी। डीएवी कालेज पूण्डरी में शिविर के समापन पर उपस्थित छात्र-छात्राये व स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि



### शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं में उचाना पिछड़ा : भूपेंद्र अलेवा

**उचाना।** जन सेवा संस्था अलेवा संस्थापक भूपेंद्र अलेवा एवं साधुराम नंबरदार ने कहा कि उचाना राजनीति के मामले में तो पूरे प्रदेश में जाना जाता है लेकिन यहां से चुन कर केंद्र, प्रदेश की सरकारों में बड़े पदों पर पहुंचे नेताओं ने हलके के लिए कुछ नहीं किया। विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य हर मामले में उचाना आज प्रदेश में सबसे पीछे है। पूरे हलके के गांव-गांव जाकर जन सेवा समिति लोगों की समस्याओं को जानेंगी। इन सभी समस्याओं का मांग पत्र बना कर सीएम मनोहर लाल के नाम एसडीएम के माध्यम से भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि आज गांवों में अस्पताल तो बने है लेकिन डॉक्टर नहीं है, स्कूलों में शिक्षकों के पद रिक्त है, पीने के पानी की किल्लत गांव में है तो स्कूल, कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों के लिए परिवहन सेवा नहीं है। सबसे अधिक परेशानी छात्राओं को होती है जो गांव के बस स्टॉप पर खड़े होकर वाहनों का इंतजार करती रहती है। इस मौके पर पूर्व सरपंच रणधीर, पूर्व सरपंच रामदिया चहल, पूर्व सरपंच कुलदीप, पूर्व सरपंच राजेश शर्मा, पूर्व सरपंच सत्यवान, पप्पू चहल, बनी सिंह, प्रेम पांचाल, श्रीनिवास शर्मा, संजय बंसल मौजूद रहे।

# नप म्युनिसिपल कमिशनर के खिलाफ जमानती वारंट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गत दिनों रा'य सूचना आयोग हरियाणा ने नगर परिषद् के एसपीआईओ कम डिस्ट्रिक म्युनिसिपल कमिशनर के खिलाफ जमानती वारंट जारी किए हैं और 19 जनवरी को 11:30 बजे राज्य सूचना आयोग चंडीगढ़ में पेश होने के लिए कहा गया हैं। जींद निवासी विपिन जैन ने बताया कि उन्होंने राज्य सूचना आयोग में एक केस नंबर 4534-2021 दिनांक 08-12-2020 को उपायुक्त जींद से आरटीआई के माध्यम से कुछ सूचनाएं मांगी थी। सूचना उपायुक्त जींद द्वारा जिला नगर आयुक्त तथा कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद् जींद को नियम 6 (3) के तहत 14 दिसंबर 2020 को भेज दी थी लेकिन संबंधित विभाग द्वारा कोई सूचना नहीं दी गई। जिसके बाद प्रथम अपील 13 जनवरी को उपायुक्त जींद को की गई लेकिन विभाग द्वारा कोई सूचना नहीं गई। उसके बाद उन्होंने राज्य सूचना आयोग, हरियाणा में अपील की। आयोग ने सूचना के लिए काफी पत्र व्यवहार किए लेकिन संबंधित विभाग द्वारा ना तो कोई सूचना दी गई और ना ही राज्य सूचना आयोग में उपस्थित हुए। उन्होंने सुनवाई के दौरान अपील की थी कि संबंधित विभाग के अधिकारी आपके आदेशों की कोई पालना नहीं करते जिससे आरटीआई 2005 का भी उल्लंघन हो रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## नेशनल आर्टस वर्कशाप का हुआ उद्घाटन

# विभिन्न प्रदेशों से 100 से ज्यादा छात्र-छात्राएं ले रहे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर में नेशनल आर्टस वर्कशॉप मंगलवार से शुरू हो गई है। वर्कशॉप का उद्घाटन अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल व नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने किया। वर्कशाप में विभिन्न प्रदेशों से 100 से ज्यादा छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। यह वर्कशाप 14 जनवरी तक चलेगी। इस दौरान बच्चों को कला की बारीकियां सीखने का मौका मिलेगा। कला को बढ़ावा देने के लिए शहर में यह एक अच्छी पहल है। फलेयर स्मार्ट क्लास के संदीप कुमार व एचबीएन के विनय दहिया द्वारा आयोजित इस वर्कशॉप में मधुसूदन दास कोलकाता, अनूपम दास, सुशील कुमार, जतिन इत्यादि शिक्षक छात्र छात्राओं को कला के बारे बारीकी से जानकारी देंगे। इस वर्कशॉप में छात्र छात्राओं द्वारा तैयार पेंटिंग्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

नेशनल आर्टस वर्कशॉप का उद्घाटन करते हुए राजकुमार गोयल ने कहा कि कला को बढ़ावा देने के लिए जींद जैसे इलाके में जो यह राष्ट्रीय स्तर की आर्टस वर्कशॉप शुरू की गई है। यह एक अच्छी पहल है। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि इस प्रकार की वर्कशॉप का समय समय पर आयोजन किया जाता रहना चाहिए। इस वर्कशाप में विभिन्न प्रदेशों से आए बच्चों द्वारा जो उत्कृष्ट कलाकृतियां बनाई गई हैं वे काफी प्रशंसनीय हैं। विभिन्न प्रदेशों से आए ये बच्चे जींद में अलग-अलग स्थानों पर जाकर भी आर्टस की बारीकियां सीखने का काम करेंगे। यह बच्चे जींद के ऐतिहासिक स्थलों रानी तालाब, पांडू पिंडारा, जयंती देवी मंदिर इत्यादि स्थानों पर जाकर भी इन स्थलों से संबंधित पेंटिंग बना कर कला की बारीकियां सीखने का काम करेंगे। इस नेशनल आर्ट्स वर्कशाप में हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हिमाचल इत्यादि राज्यों से लगभग 100 छात्र व छात्राएं भाग लेने आए हैं।



जींद। बच्चों द्वारा तैयार पेंटिंग प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि राजकुमार गोयल व राजेश भोला।